राजा महेन्द्र प्रताप सिंह राज्य विश्वविद्यालय, अलीगढ़

Email:- registrar.rmpu@gmail.com,

पत्रांकः–आर0एम0पी0यू0 / 1545 / 2024 दिनांकः 23 जुलाई, 2024

सेवा में,

प्राचार्य / प्राचार्या,
समस्त महाविद्यालय,
सम्बद्ध राजा महेन्द्र प्रताप सिंह राज्य विश्वविद्यालय,
अलीगढ़।

विषयःप्रयोगात्मक / मौखिक / आन्तरिक एवं शोध परियोजना कराये जाने के सम्बन्ध में।

महोदय / महोदया,

कृपया उपरोक्त विषयक विश्वविद्यालय के पत्र सं0–आर0एम0पी0यू0 / 1370 / 2024 दिनांक 09 जुलाई, 2024 का सन्दर्भ ग्रहण करने का कष्ट करें। जिसके द्वारा समस्त प्रयोगात्मक / मौखिक / आन्तरिक एवं शोध परियोजना परीक्षा पूर्ण कर उसके समस्त अंक दिनांक 14.07.2024 तक अनिवार्य रूप से विश्वविद्यालय वेबसाइट पर अपलोड करने हेतु निर्देशित किया गया था। परन्तु निर्धारित तिथि तक कतिपय महाविद्यालयों द्वारा प्रयोगात्मक / मौखिक / आन्तरिक एवं शोध परियोजना परीक्षा के अंक अपलोड नही किये गए हैं, जिसके फलस्वरूप परीक्षा परिणाम MW प्रदर्शित हो रहा है।

मा0 कुलपति जी के **आदेशानुसार जिन महाविद्यालयों द्वारा प्रयोगात्मक / मौखिक / आन्तरिक एवं शोध परियोजना परीक्षा सम्पन्न नही कराये गए हैं वे अनिवार्य रूप से दिनांक 30.07.2024 तक समस्त प्रयोगात्मक प्रयोगात्मक / मौखिक / आन्तरिक एवं शोध परियोजना परीक्षा सम्पन्न कराके उसके अंक उसी दिन विश्वविद्यालय वेबसाइट पर उपलब्ध लिंक के माध्यम से अपलोड करना सुनिश्चित करें। यदि किसी महाविद्यालय को प्रयोगात्मक परीक्षा के सम्बन्ध में कोई समस्या है तो उसे विश्वविद्यालय को यथाशीघ्र सूचित करें। जिन महाविद्यालयों द्वारा निर्धारित तिथि तक प्रयोगात्मक / मौखिक / आन्तरिक एवं शोध परियोजना परीक्षा सम्पन्न नही करायी जाती है तो उन महाविद्यालयों के प्रवेश हेतु लॉगिन नही खोली जायेगी तथा उन पर आर्थिक दण्ड अधिरोपित किया जायेगा।**

भवदीय
23.7.24
(अजय कृष्ण यादव)
कुलसचिव

प्रतिलिपिः– निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतुः–

1. निजी सचिव, मा0 कुलपति जी, मा0 कुलपति जी के संज्ञानार्थ।
2. समस्त संकायाध्यक्ष / संयोजक, अध्ययन परिषद, राजा महेन्द्र प्रताप सिंह राज्य विश्वविद्यालय, अलीगढ़
3. प्रभारी, वेबसाइट को इस निर्देश के साथ कि समस्त सम्बद्ध महाविद्यालयों के लॉगिन आई0डी0 तथा विश्वविद्यालय वेबसाइट पर अपलोड करें।
4. गार्ड फाईल।

23.7.24
उप कुलसचिव

V letter